दिनांक 17 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ निगम ने छेड़ा बड़ा मुहिम, 251 लोगों पर लगाया जुर्माना

भिलाईनगर। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए चेहरे पर मास्क लगाना आवश्यक है , बावजूद लोग नियम का उल्लंघन करते हुए मास्क नहीं लगा रहे है ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने भिलाई निगम द्वारा मास्क चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत चौक, चौराहा और बाजार क्षेत्र में घेराबंदी कर मास्क नहीं लगाने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूला जा रहा है। सुबह और शाम दो पालियों में बनी टीम घूम घूम कर आने जाने वाले लोगों पर कार्रवाई कर रही है! निगम की टीम ने 251 लोगों से 32350 रूपए का अर्थदंड आज शाम तक वसूला और दोबारा बिना मास्क के पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। अर्थदंड अदा करने पैसा नहीं होने पर उठक-बैठक कराकर अगली बार घर से निकलने के पहले मास्क लगाने की हिदायत दी गई। और मास्क वितरण भी किया गया! भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बिना मास्क लगाए या नाक एवं मुंह को ठीक तरीके से कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिसके परिपालन में निगम कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। सुबह और शाम दोनों पालियों में मास्क चेकिंग अभियान के लिए बनी टीम निगम क्षेत्र के बाजार , सार्वजनिक स्थान और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर घूम-घूम कर मास्क या अन्य कोई उपाय से चेहरे को कवर किए बिना निकलने वाले लोगों से अर्थदंड वूसलने की कार्यवाही कर रही है। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि मास्क चेकिंग अभियान के तहत पैदल, साईकिल, दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक-रोक कर बिना मास्क लगाए बाहर निकलने वालों से अर्थदण्ड वसूल रही है। इस दौरान मालवाहक गाड़ियों में भी वाहन चालक व उसमें बैठे लोग मास्क लगाए है कि नहीं इसकी जांच की जा रही है।